नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य पुल का किया निरीक्षण

(ऑडिशन टाइम्स) शाहजहाँपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर क्षेत्र के ककरा कुडं (न्यू सिटी) से अजीजगंज के मध्य बन रहे पुल निरीक्षण का किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा चल रहे निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली गई। इसके साथ ही कराये जा रह निर्माण कार्य को समय पूर्ण कराये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। मुख्य अभियन्ता(सिविल),दिनेश चन्द्र सचान को निर्देशित किया कि इस अति महत्वपूर्ण कार्य को यथाशीघ्र पुर्ण करा लिया जाये। साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि निर्माण स्थल पर सोशल डिस्टेसिंग के पालन के साथ - साथ श्रमिको को हाथ धोने की सुविधा तथा इस सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी किये गये अन्य दिशा निर्देशों का अनिवार्यतः पालन किया जाये। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त एस के सिंह ,दिनेश चन्द्र सचान,मुख्य अभियन्ता अभियन्ता,विक्रमाजीत यादव उपस्थित रहे।